मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

अत्यावश्यक और महत्वपूर्ण प्रेस विज्ञप्ति

जामिया ने की जम्मू और कश्मीर के छात्रों के लिए 10-11 मई, 2025 को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के रिशेड्युल की घोषणा

नई दिल्ली, 9 मई, 2025

सत्र 2025-26 के लिए जामिया मिल्लिया इस्लामिया की प्रवेश परीक्षाएँ 26 अप्रैल, 2025 को शुरू हुईं और 31 मई, 2025 तक पूरी होने वाली हैं। कुछ कार्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएँ 10 और 11 मई, 2025 को निर्धारित हैं।

मौजूदा स्थिति और छात्रों की भलाई को ध्यान में रखते हुए, जेएमआई ने जम्मू और कश्मीर के छात्रों के लिए अलग से प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है। ऐसा जम्मू-कश्मीर के उन छात्रों को अवसर प्रदान करने के लिए किया जा रहा है, जिन्होंने आवेदन किया है, लेकिन 10-11 मई, 2025 को निर्धारित प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं हो पा रहे हैं।

हालांकि, शेष छात्रों के लिए प्रवेश परीक्षाएं निर्धारित तिथियों और समय (10-11 मई, 2025) पर आयोजित की जाएंगी।

ह./

प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिज़वी
कुलसचिव, जेएमएमआई

प्रो. साइमा सईद
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी